प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/934 दिनांक: 22 मई, 2024

सेवा में,
निदेशक / प्राचार्य / समस्त छात्र / छात्राएं
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः **सत्र 2020–21 एवं 2021–2022 में प्रवेश लेने वाले बी0फार्म पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र / छात्रायें, जिसके प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विषयों में कैरी ओवर होने के कारण परीक्षा परिणाम का Status NPTY/NPFY है के छात्रों का परीक्षा फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के सत्र 2020–21 एवं 2021–22 के बैचलर ऑफ फार्मेसी पाठ्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अध्ययनरत ऐसे छात्र / छात्रायें जिनका प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कतिपय विषय / विषयो में कैरी ओवर थे / है तथा ये छात्र सत्र 2023–24 के विषम सेमेस्टर की प्रथम एवं द्वितीय चरण (06 मार्च, 2024 से 06 अप्रैल, 2024) की कैरी ओवर परीक्षाओं में सम्मिलित हुए थे, जिसका कैरी ओवर विषय का परीक्षाफल घोषित नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय आर्डिनेन्स / पी0सी0आई0 में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ऐसे सभी छात्र / छात्राओं का परीक्षा परिणाम अनुत्तीर्ण (NPFY/NPTY Status) है।

उपरोक्त से आच्छादित छात्रों के संबंध मे सक्षम स्तर द्वारा छात्रहित में लिए गये निर्णय के अनुसार सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु इस शर्त के साथ अनुमति दी गई है कि यदि छात्र का प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम PASS/PWG Status (बैकलाग क्लीयर / पास) होता है, तभी सम्बन्धित छात्र का आगामी सेमेस्टर / वर्षो का परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा, अन्यथा की स्थिति में छात्र का विश्वविद्यालय आर्डिनेन्स / पी0सी0आई0 के नियमानुसार प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में पूर्ण रूप से उत्तीर्ण घोषित होने तक छात्र का परीक्षा परिणाम स्थगित ही रहेगा।

उपरोक्त के दृष्टिगत ऐसे सभी छात्र / छात्राओं का उपरोक्त शर्तो के अधीन तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार **दिनांक 25 मई, 2024 तक परीक्षा फार्म भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु ई0आर0पी0 पोर्टल खोल** दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत स्नातक एवं परास्नातक के छात्र / छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए सम्बन्धित छात्रों से तत्काल / समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करवाने का कष्ट करें

भवदीय
22/05/2024
(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक